अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) पर सर्दी की सुबह को भी वह्य उतरती, तो आपके ललाट पर पसीना बह पड़ता।

आइशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) से वर्णित है, वह कहती हैं कि अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) पर सर्दी की सुबह को भी वह्य उतरती, तो आपके ललाट पर पसीना बह पड़ता। [सह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

मुसलमानों की मता आइशा -रज़ियल्लाहु अनहा- इस हदीस में बता रही हैं कि अल्लाह के रसूल - सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- पर ठंडी सुबह में वह्य आती, तो आपकी पेशानी से भारी मात्रा में पसीना बहने लगता। ऐसा वह्य की तीव्रता के कारण हुआ करता था।

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/10842